मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना

चर्चा में क्यों?

2 जून, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रदेश के अति गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तीसरे चरण के अंत्योदय मेलों का आयोजन 10 जून से किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत कौशल विकास, स्वरोज़गार और रोज़गार सृजन के उपायों का एक पैकेज अपनाया गया है ताकि अंत्योदय परिवारों की न्यूनतम वार्षिक आय शुरू में 1.00 लाख रुपए और बाद में 1.80 लाख रुपए तक प्रतिवर्ष बढ़ाई जा सके।
- इसमें राज्य के उन परिवारों को शामिल किया गया है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपए से कम है।
- इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा वर्ष 2022 में गुरु रविदास की 644वीं जयंती के अवसर पर किया गया था।
- मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्रदेश के 1 लाख अति गरीब परिवारों की आय को बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से पहले 2 चरणों में आयोजित अंत्योदय मेलों में लगभग 50 हज़ार परिवारों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-antyodaya-pariwar-utthan-yojana